Bharat Temples

राधा रानी मुझे प्यारी लागे

राधा रानी मुझे प्यारी लागे
बरसाने वाली जग से न्यारी लागे
राधा रानी मुझे प्यारी लागे

चड चड पोड़ी श्री मेह्लन की तेरे दर्शन पाऊ,
चरणों मे बेठ के तेरे मैं जीवन सफल बनाऊ
मुझे चरणों में लेलो सरकार लाडली
राधा रानी मुझे प्यारी लागे

आंखे है कजरारी तेरी गालो पर है लाली
कोमल से हाथो पे तेरे मेहँदी की हरयाली
तेरी नजर उतारू सरकार लाडली,
राधा रानी मुझे प्यारी लागे

बुरे वक़्त में तूने लाडो मेरा साथ निभाया
अपने बने पराये सारे तूने अपना बनाया
हर पल वो खड़ी मेरे साथ लाडली
राधा रानी मुझे प्यारी लागे

मैया बन कर तूने लाडो मेरे लाड लड़ाए,
जब जब विपदा आये मुझको अंचल पे छिपाए
क्यों साहिल बुलाये तेरा प्यार लाडली
राधा रानी मुझे प्यारी लागे

Source: https://www.bharattemples.com/radha-rani-mujhe-pyaari-laage/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw